## एक नजर में

### 1 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**पड़ाना 30 दिसमबर, सं.** पड़ाना सहित आसपास क्षेत्र मंडल के लगने वाले गांव साधन खेड़ी रामपुरिया मगराना काचरिया पुरोहित मल्हारगंज गांव के सकल हिंदू समाज के लोगों द्वारा विशाल मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई यह यात्रा आगामी 1 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से आयोजित की गई थी जिसमें सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए नगर के पड़ाना में हिंदू सम्मेलन 1 जनवरी को जाटव मोहल्ला खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप मैदान पर आयोजित किया जाएगा .

### हिन्दू सम्मेलन को लेकर बाइक रैली निकाली

**छापीहेड़ा 30 दिसम्बर, सं.** हिन्दू सम्मेल, श्रीरामलाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर धर्म उत्सव के दसवे दिन रामपुरिया बालाजी मंदिर परिसर से विशाल बाइक रैली निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होकर बस स्टैंड तालाब परिसर पाटीदार मोहल्ला होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर जीरापुर रोड पर पहुंची जहां से आवास कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 में होते हुए रामपुरिया बालाजी मंदिर परिसर में समापन हुआ, इस बाइक रैली में बड़ी संख्या में सनातनी युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर शामिल हुए .

### हिन्दू सम्मेलन 19 जनवरी को जीरापुर में

**जीरापुर 30 दिसम्बर, सं.** नगर में हिन्दू सम्मेलन आगामी 19 जनवरी को खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में श्री 1008 महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरि (साध्वी वर्षाजी) श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा, उज्जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी . नगर में गत दिवस शोभा, कलश यात्रा व भूमि पूजन सम्पन्न हुआ . आज रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जावेगा . अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ उत्सव के रूप में मनाई जाएगी . तथा प्रतिदिन प्रात: नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है . नगर के देवनारायण कालोनी , फलोदी कालोनी , भण्ड़ावद रोड़ , आवास , इंदर चौराहा , सिदेश्वर महादेव मंदिर होते हुए बुधवारिया बाजार हनुमान मंदिर पहुंची .

### दौलाज मण्डल में सामाजिक समरसता का संकल्प

**खिलचीपुर 30 दिसम्बर, सं.** दौलाज स्थित केवल्य योग आश्रम में हिंदू सम्मेलन में सनातनी बंधुओं ने सहभागिता कर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया . कार्यक्रम भजन-कीर्तन के साथ हुआ . सम्मेलन में संघ प्रचारक शंकर लाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे . मंच पर मुनीशानंद सरस्वती (धार), सत्यानंद त्यागी (रामनगर पहाड़ी) और मोनानंद महाराज (काल्याखेड़ी हनुमान मंदिर) शामिल हुए . गौसेवकों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया एवं मां नर्मदा देवी गोशाला में विधि-विधान से गौ-पूजन संपन्न हुआ . सम्मेलन के पश्चात क्षेत्र के गाँवों से आए ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर समरसता भोज (भंडारा) में प्रसादी ग्रहण की .

### पड़ाना मंडल अंतर्गत निकाली वाहन रैली

**पड़ाना 30 दिसम्बर, सं.** पड़ाना मंडल में आगामी 1 जनवरी को हिंदू सम्मेलन के लिए आज मंगलवार एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया . वाहन रैली का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज की एकता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से शुरू हुई . जो गांवों से होते हुए वापस ध्वज स्थापना परिसर में समाप्त हुई . इस मौके पर सैकड़ो ग्रामीण वाहन रैली पर उपस्थित रहे .

# ऑपरेशन 75 : भय के डेरों को 42 घंटे में बर्बाद किया

## कड़ाके की रात में पुलिस ने गुना जिले के कुख्यात पारदी डेरों पर किया प्रहार, डकैती और भय मचाने वाले 3 अपराधी धराए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 दिसम्बर, का. बीते 25 दिसम्बर की रात राजगढ़ नगर में डकैती करने वाला गैंग गुना जिले के कुख्यात पारदी समुदाय का निकला. पुलिस ने बीते 42 घंटे तक ऑपरेशन-75 नाम से अभियान चलाया जिसमें 75 वर्दीधारी कड़ाके की रात में, बिना लाईट के जंगलों में सर्चिंग करते रहे. इन भय के डेरों को पुलिस ने 42 घंटे की कार्यवाही में बर्बाद कर दिया. 3 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा जो इस वारदात में शामिल थे. पुलिस ने डेरों से बाईक, मोबाईल फोन कब्जे में लिए है.**





### एसपी का वादा, जल्द बाकी अपराधी पकड़े जाएंगे



एसपी अमित सुरेश तोलानी और उनकी टीम को बड़ी सफलता मिली है . जल्द देश के अन्य ईलाकों में किए अपराधों में भी गुत्थी राजगढ़ पुलिस के कारण सुलझ पाएगी . साथ ही एसपी ने नागरिकों से वादा किया है कि हम बाकी आरोपियों को माल सहित जल्द दबोच लाएंगे . इधर पारदी गैंग के अपराधियों को पकड़ने पर नागरिकों में हर्ष है . सभी ने पुलिस को धन्यवाद दिया और एसपी का स्वागत किया . कार्यवाही में जिले की 5 टीम में 75 पुलिसकर्मी, एसडीओपी, थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक, कॉन्स्टेबल, सीआईडी, गुना और राजगढ़ की सायबर और पुलिस टीम शामिल रहे .

### झारखण्ड, आगरा में लूट मचा चुका है जीवा

पकड़े गए आरोपियों में जीवा पिता रोवा पारदी 42 साल, गिरराज पिता जगदीश पारदी 23 साल और छोटू पिता छैला पिता पारदी 20 साल शामिल है . जीवा कुख्यात अपराधी है और वहा झारखण्ड, आगरा सहित देश के कई हिस्सों में वारदातें कर चुका है . वहीं 23 साल का जगदीश और 20 साल का छोटू पारदी भी स्थानीय अपराधों में शामिल रहे है . जीवा पर आर्म्स एक्ट में कई मामले दर्ज है .

### घने जंगलों में सुअर का मांस खाकर सो रहे बदमाश

प्रेस वार्ता में पुलिस ने बताया कि ये आरोपी गढ़ा घाटी के घने जंगलों में अपने डेरों में थे . पुलिस बेहद मुस्तैदी और योजना के साथ घेराबंदी कर इनके डेरों तक पहुंची . जब पुलिस ने दबिश दी तब आरोपियों के डेरों से सुअर का मांस आदि मिला . ये काफी वहशी अपराधी है . आरोपियों के कब्जे से 01 भरमार बंदूक, 115 टोपी (भरमार बंदूक में लगने वाली), 15 जिंदा कारतूस (12 बोर), 06 मोटरसाइकिल, 01 गुलेल, चोरी व लूट में प्रयुक्त अन्य सामग्री सहित कुल 02 लाख 50 हजार का मशरूका बरामद किया गया .

### राजगढ़ को डराने वालों के 'गढ़' में घुसी पुलिस



राजगढ़ नगर में दहशत और लूट मचाने वाले अपराधियों के गढ़ में पुलिस धावा बोला. जिस जंगल को पारदी गैंग वर्षों से अपना किला मानती रही, उसी जंगल में राजगढ़ पुलिस ने उनकी रणनीति तोड़ी. 42 घंटे तक लगातार चला सर्चिंग ऑपरेशन, 20 किलोमीटर जंगल को छान मारा. कच्ची पगडंगी, कमजोर मोबाईल नेटवर्क, सर्द रात में घना जंगल और कोहरा भी पुलिस को रोक नहीं पाया. हथियार बंद अपराधी फायर भी करने में नहीं चूकते, कई बार पुलिस यहां से घायल लौटी है. कुछ आरोपी घने जंगल और कोहरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे वे भी ज्यादा समय नहीं बचेंगे. पुलिस ने इसके पहले मोबाईल टॉवर, मुखबिर तंत्र, भौतिक साक्ष्य और साईबर तकनीक से आरोपियों तक पहुंच बनाई. जिला गुना के थाना धरनावदा क्षेत्र के सामरसिंघा के दुर्गम जंगलों में चिन्हित की गई. जंगल – जो अपराधियों की ढाल था, वही बना उनकी कमजोरी जिस क्षेत्र में पारदी गैंग ने छिपने के लिए अपना ठिकाना बनाया था, वह सामान्य जंगल नहीं था. फिर से पुलिस टीम ने अदम्य साहस के साथ अपराधियों के डेरे तबाह कर दिए.

### आतंक और खौफ के सीने पर पुलिस का प्रहार !

**नवभारत विशेष...**
गोविन्द बड़ोने

**ब्यावरा 30 दिसंबर, का.** भय और आतंक का पर्याय बने अपराधियों के सीने पर अदम्य प्रहार कर पुलिस ने प्रशंसनीय कार्य किया है . 25 दिसंबर की रात राजगढ़ में हुए डकैती कांड ने न केवल जिला मुख्यालय बल्कि आम लोगों को इस कदर खौफजदा कर दिया था कि चहुंओर सन्नाटा नजर आ रहा था . यहां तक कि अपराधियों को पकड़ने के लिये सार्वजनिक तौर पर कोई बात करने को तैयार नहीं था . इस सन्नाटे को पुलिस के हौंसले, परिश्रम, रणनीति और निडरता ने चीरने का साहस दिखाकर समाज के सुप्त, निराश चेहरे पर खुशी व विश्वास की ऐसी चमक पैदा कर दी है जिससे वह आने वाले दिनों में बेखौफ होने का अहसास कर सकता है . दर्जनभर से अधिक डकैतों ने जिस प्रकार से भय, आतंक का नंगा नाच किया वह पुलिस के लिये चुनौती बन गया था . उनका हमला पुलिस के सीने पर किया गया प्रहार था . इस प्रहार का असर समाज पर काफी गहराई तक पड़ गया था . यह प्रसन्नता का विषय है कि पुलिस ने अपराधियों के हमले को अपने सीने पर वार माना, उसने इसे एक बड़ी चुनौती के रूप में स्वीकार किया . परिणाम स्वरूप पुलिस ने अपराधियों को यह अहसास करा दिया कि पुलिस आतंक का सिर कुचलना जानती है . जिस प्रकार से आज जिला पुलिस अधीक्षक अमित-सुरेश तोलानी ने अपराधियों तक पहुंचने का जो विवरण पत्रकारों को बताया वह इस बात का साक्षी है कि पुलिस ने सिर्फ अपनी वर्दी के रसूक से नहीं दिमाग, धैर्य, संयम, रणनीति और चातुर्यता व तकनीकि के अद्भुत मिश्रण का उपयोग कर अपराधियों को उनके घर में जाकर मात दी है .

पुलिस ने जो कार्यवाही की है वह सेना के ऑपरेशन की भांति संयुक्त रणनीति का हिस्सा था . पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचने, उनको पकड़ने, उनके ठिकाने तलाशने के लिये जो युक्ति अपनाई वह सामान्य पुलिस कार्यवाही से 10 गुना अधिक प्रोफेशनल नजर आई . इस कार्यवाही में पुलिस ने अपनी जान को भी दांव पर लगाया . 75 पुलिसकर्मियों की टीम का जंगलों में कूच करने वाले इस ऑपरेशन का नाम पुलिस ने **ऑपरेशन- 75** रखा था . यद्यपि इस सफलता का प्रतिशत कम है . डेढ़ दर्जन आरोपियों में से पुलिस गिरफ्त में अभी केवल तीन आरोपी और माल भी न्यूनतम पकड़ाया है . बावजूद इसके एसपी श्री तोलानी का उत्साही संदेश एक विश्वास पैदा करता है . उनका आत्मविश्वास बताता है कि पुलिस आज नहीं तो कुछ समय के अंतराल में सभी अपराधियों और उनके द्वारा चोरी किये गये माल तक पहुंच जायेगी . एसपी ने कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि हम जल्द ही सभी आरोपियों तक पहुंचने में और उनसे पूरा माल बरामद करने में सफल होंगे . एसपी का यह विश्वास उन अपराधियों का हौंसला तोड़ेगा, उनमें कोहराम मचायेगा जो नंगा नाच कर समाज को भयभीत करना चाहते है . इससे अपनी सुरक्षा को लेकर दु:खी व चिंतित समाज में भी पुलिस के प्रति पूर्ववत एक आशा और उम्मींदों की किरण नजर आयेगी . पुलिस के इस ठोस प्रयास से यह भी भरोसा जागृत हुआ है कि पुलिस न केवल राजगढ़ जिला मुख्यालय की बल्कि ब्यावरा, सुठालिया, पचोर, सारंगपुर में हुई पूर्ववर्ती वारदातों में भी अपना इसी प्रकार का पौरूष दिखाकर अपराधियों की कमर तोड़ने में शीघ्र सफल होगी .



अपनी जान-माल बचाने ऊंची करनी पड़ी दीवार



'गन' और 'मैन' जुटाने की रणनीति पर व्यापारी



आंखें मूंद लेने से खतरा नहीं जाएगा..!



डकैतों पर सवा लाख का इनाम घोषित

समाज और पुलिस के मनोबल का प्रहरी बना नवभारत

# ऑटो-बोलेरो की भिड़ंत आधा दर्जन लोग घायल

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 30 दिसम्बर, सं. सुठालिया के समीप खंदी के पास मंगलवार शाम 4 बजे ऑटो एवं बोलेरो में आमने-सामने भिड़ंत हो गई. घटना में ऑटो में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये.**

जानकारी के अनुसार ब्यावरा से यात्रियों को लेकर ऑटो सुठालिया तरफ आ रहा था. वहीं बोलेरों वाहन ब्यावरा की और जा रहा था कि खंदी के यहां दोनों वाहनों की आमने-सामने जोर की टक्कर हो गई. जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सुठालिया के शासकीय अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद लगभग आधा दर्जन लोगों को बाहर रेफर किया गया है.

**ऑटो में सवार लोग हुए घायल-** पुलिस के अनुसार ऑटो में सवार जगदीश पिता प्रेमनारायण शर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम दुर्गापुरा मधुसूदनढ़, पुष्पा पति मदनलाल प्रजापति उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम घाटाखेड़ी जिला गुना, सतीश पिता कैलाश शर्मा 35 वर्ष निवासी ग्राम बीवाखेड़ी सुठालिया एवं भूरीबाई पति श्रीराम प्रजापति उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम जामनेर जिला गुना, कोमलबाई पति जमनालाल वर्मा उम्र 53 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 सुठालिया, सलोनी पिता जगदीश शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम दुर्गापुरा , मधु पति रमेश उम्र 30 वर्ष तथा ऑटो चालक विनोद पिता गोपाल निवासी ब्यावरा घायल हो गये. बोलेरे वाहन क्रमांक एमपी 04, सीटी 0315 में पार्षद प्रतिनिधि डा. अजीज कुरैशी सहित आरिफ शाह, ईमाम सर तथा दीपक नायक निवासी ग्राम हरिपुरा सवार थे. इनको मामूली चोट आना बताया जा रहा है. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर बोलेरों वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

### बंधान से संवरेगा जलस्तर

**नवभारत न्यूज, पड़ाना 30 दिसम्बर, सं.** जल संचय अभियान के तहत पटाडिया डाबी गांव में बोरी बंधान में नाले पर 40 बोरियों का अस्थाई बांध बनाकर पानी रोकने का काम किया गया. इसका मकसद जल संचय बढ़ाना और जलस्तर में सुधार लाना है, ताकि कृषि और पशुओं के लिए पानी मिल सके. इस मौके पर जन अभियान परिषद् के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने कहा कि बोरी बंधान में जल संरक्षण का प्रभावी तरीका है.

### एक शाम अटलजी के नाम आयोजन, कवियों ने किया रचना पाठ

**नवभारत न्यूज, तलेन 30 दिसम्बर, सं.** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपई की जन्म जयंती पर भाजपा द्वारा यात्री प्रतीक्षालय में एक शाम अटल जी के नाम से साहित्य का संध्या का आयोजन किया. मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा, मुख्य वक्ता कैलाश सोनी तथा विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला उपस्थित रहे. नरसिंहगढ़ से आए कवि हरि सिंह परिहार पतंग, हैदराबाद से आए अखिलेश हिलाने के अलावा शिव के कवि राहुल ठाकुर तथा मिर्जापुर के कवि धर्मेंद्र यादव ने प्रभावी कविता पाठ किया. संचालन ओज कवि राजेश सत्यम ने किया आभार जिला मंत्री प्रतिनिधि डॉ कैलाश वैष्णव ने माना. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी नगर परिषद के पदाधिकारी पार्षद गण वर्तमान एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित काफी जन उपस्थित थे.



### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 30 दिसम्बर, सं.** सोमवार की रात एक अधेड़ व्यक्ति ग्वालियर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया. जिससे उसकी मौत हो गई. घटना सोमवार रात 9.30 के लगभग है. वहां मौजूद लोगों के अनुसार उक्त अधेड़ व्यक्ति ट्रेन में सवार था. ट्रेन की रफ्तार कम होने पर उसने उतरने का प्रयास किया. लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह चलती ट्रेन की चपेट में आ गया. मंगलवार सुबह रेल्वे स्टेशन के पास में रेलवे ट्रैक पर व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था. रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया. मृतक की पहचान आमिर पिता पीर खान उम्र 50 वर्ष निवासी के चितावत जिला शाजापुर के रूप में हुई.

# करंट लगने से बंदर की मौत, रामधुन के साथ अंतिम संस्कार



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 दिसम्बर, का.** मंगलवार की सुबह गुरूद्वारे के सामने हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से एक बंदर की मौत हो गई. धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा बंदर की शवयात्रा निकालकर पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. जानकारी के अनुसार हाईटेंशन लाईन की चपेट में एक बंदर आ गया. करंट लगने से बंदर का प्राणांत हो गया.

### विधि-विधान के साथ किया अंतिम संस्कार

राजगढ़ रोड सहित प्रमुख मार्गो से बंदर की शवयात्रा निकाली गई . रामधुन के साथ बंदर की शवयात्रा देख हर किसी का सिर श्रद्धा से झुक गया . राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया . इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे . प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खंभे पर चढ़ते समय बंदर अचानक विद्युत तार के संपर्क में आ गया . इसकी सूचना विद्युत विभाग अमले को दी . बिजली सप्लाई को बंद किया गया . मौके पर कर्मचारियों द्वारा बंदर को नीचे उतारा किंतु तब तक बंदर ने दम तोड़ दिया था .

### स्नातकोत्तर प्रवेश हेतु सीयूईटी अनिवार्य

**राजगढ़ 30 दिसम्बर, का.** सत्र 2026-27 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट को अनिवार्य कर दिया गया है. उच्च शिक्षा आयुक्त भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश केवल सीयूईटी (पीजी) अथवा संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही मान्य होगा. मेजर/माइनर विषय के अतिरिक्त विषयों में सीयूईटी अनिवार्य होगा.

**रुकावट** पड़ाना में सीसी सड़क निर्माण के कारण आई रुकावट के बाद लोनिवि एसडीओ ने किया निरीक्षण

# नाप-जोख में उलझी कस्बे की सड़क, हाईवे का निर्माण चुनौती बना

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 30 दिसम्बर, सं.** लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें बिना अतिक्रमण हटाए ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण के दौरान जगह-जगह सड़क सिकुड़ गई है जिस नाप के पैमाने से सड़क का निर्माण होना है उसका पालन नहीं किया जा रहा है.जिसके कारण लोगों के अतिक्रमण के चलते सड़क सिकुड़ गई है केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत मऊ पड़ाना तलेन 25.50 सड़क मार्ग का निर्माण 65.63 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है. इसी के तहत करीब दो सप्ताह से लोक निर्माण विभाग एवं ठेकेदार के अफसरों द्वारा नगर में बिना अतिक्रमण हटाए करीब 800 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया गया. जिसका ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया था.

मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पी के शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से स्थल का दौरा किया. सड़क के किनारे कुछ अवैध निर्माण और कब्जे है जिनके कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों को चेतावनी दी की वे स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा ले अन्यथा प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी. एसडीओ ने स्पष्ट किया कि सारंगपुर राजस्व अधिकारी एसडीम रोहित बम्होरे को अतिक्रमण से अवगत कराया जाएगा. इस दौरान गोडेक कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर लखेरा भी मौजूद थे. सदर बाजार बीच सड़क मार्ग के दोनों और से सात-सात मीटर पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण कारियो का कब्जा है सड़क सिकुड़ी हुई है उधर ठेकेदार ने दो सप्ताह पहले से भैरू सिंह खाती के मकान से गांधी चौक बस स्टैंड सदर बाजार सीसी सड़क का निर्माण कार्य बिना अतिक्रमण हटाए किया गया है तथा राजेश भंडारी जगदीश भंडारी की दुकान से लेकर मंसूरी मस्जिद तक सीसी सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ है.



### हाईवे का सपना देखा लेकिन सिकुड़ रही सड़क

इस 14 मीटर चौड़ी सड़क में 7 मीटर सड़क रहेगी और सड़क की दोनों और ढाई-ढाई मीटर में सोल्डर के साथ नालियों का निर्माण होगा परंतु रुकी हुई इस सड़क में आदि सड़क की जगह भी नहीं है तथा मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पीके शर्मा सहित ठेकेदार कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र लखेरा की मौजूदगी में सीसी सड़क की नाप-जोख की गई जिसमें मात्र 5 मीटर जगह ही आ रही है . 14 मीटर सड़क में आधी सड़क भी पूरी नहीं हो पा रही है अतिक्रमण के चलते सड़क सिकुड़ गई है . राजस्व विभाग ग्राम पंचायत तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मिल करके सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमणकारियों का अतिक्रमण हटाकर के चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाये जिससे भविष्य मे बार-बार लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल सके .

# संस्कार कॉन्वेंट में बाल मेले का आयोजन




नवभारत न्यूज

**तलेन 30 दिसम्बर, सं.** संस्कार कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेले का शुभारंभ नारायण सिंह यादव अध्यक्ष नगर परिषद तलेन द्वारा किया गया. विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के मनोरंजन हेतु बाल मेले में आकर्षक झूले, खेल-खिलौने, मनोरंजक गतिविधियां तथा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए. चाट, गोलगप्पे, समोसे, जलेबी, आइसक्रीम आदि व्यंजनों ने बच्चों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से आकर्षित किया. कार्यक्रम का संचालन पवन जी यादव मनीष यादव द्वारा किया गया. मेले के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि श्री यादव ने लगातार ऐसे आयोजन करने की बात कही. कार्यक्रम का संचालक देव सिंह यादव द्वारा स्नेहित आभार के साथ किया.